'दिव्य अयोध्या' ऐप

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने**पर्यटन** पर केंद्रित एक मोबाइल ऐप **'दिव्य अयोध्या'** लॉन्च किया, जिसे **अयोध्या आने वाले भक्तों और पर्यटकों के लिये नेविगेशनल अनुभव को बढ़ाने हेतु डिज़ाइन** किया गया है।

- **'दिव्य अयोध्या' ऐप** प्रौद्योगिकी को सांस्कृतिक अनुभवों के साथ जोड़कर और**ग्रामीण परिवेश में होमस्टे** जैसे विकल्प प्रदान कर, **पर्यटकों को पवित्र शहर से जुड़ने की सुविधा** प्रदान करती है, जो सभी के लिये अधिक उपयोगी तथा समृद्ध अनुभव प्रदान करता है।

मुख्य बिंदु:

- यह **ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म** यात्रा कार्यक्रम की योजना बनाने और छिपे हुए रत्नों की खोज तथा अयोध्या के सांस्कृतिक वैभव का अनुभव करने तक सभी ज़रूरतों को पूरा करता है।
  - यह विस्तृत विवरण और समय सारिणी के साथ **प्रमुख स्थलों, मंदिरों, मठों और ऐतिहासिक स्थलों की खोज** में भी मदद करेगा।
  - ऐप **ई-कारों और ई-बसों को बुक करने, उनके रूट की स्थिति को ट्रैक करने तथा सुविधाजनक बोर्डिंग एवं डीबोर्डिंग** में भी मदद करेगा।
  - होमस्टे, होटल या यहाँ तक कि टेंट सिटी के लिये बुकिंग भी ऐप से संभव है, जो उपयोगकर्त्ताओं को स्थानीय रूप से **प्रशिक्षित पर्यटक गाइडों** से जोड़ता है।
  - इसके अतिरिक्त, ऐप सहज दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिये **व्हीलचेयर और गोल्फ कार्ट भी बुक किये** जा सकते हैं।
- रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूपी सरकार **ग्रामीण परिवेश में होमस्टे विकल्प प्रदान करने के लिये अयोध्या के बाहरी इलाके में स्थानों की पहचान** कर रही है।
  - अयोध्या आने वाले परिवार खेत में रहने के अनुभव के लिये दौलतपुर गाँव में एक घर का एक हिस्सा किराये पर ले सकते हैं।
  - इन पहलों का उद्देश्य न केवल **पर्यटन को बढ़ावा देना है बल्कि स्थायी पर्यटन प्रथाओं** को बढ़ावा देते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देना भी है।
- राज्य सरकार अयोध्या में राम जन्मभूमि और मंदिरों जैसे प्रमुख स्थलों पर जाने वाले पर्यटकों तथा तीर्थयात्रियों हेतु सुविधाएँ बढ़ाने के लिये भी तैयार है। **'धर्म पथ' और 'राम पथ'** पर इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत इन प्रयासों का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य आवश्यक सेवाएँ प्रदान करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/divya-ayodhya-app